कार्यालय समिति, जनपद न्यायालय, प्रयागराज।

दिनांकः सितम्बर 29, 2023

कार्यवृत्त

माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या 12136/SUVAS Cell/Allahabad दिनांकित 14.09.2023 के अनुपालन में समिति की बैठक आज दिनांक 29.09.2023 अपराह्न 4.30 बजे मेरे विश्राम कक्ष में आहूत की गयी, जिसमें अधोहस्ताक्षरी के साथ–साथ श्री सिद्धार्थ कुमार वाघव, अपर जनपद न्यायाधीश, न्यायालय संख्या–8, प्रयागराज एवं श्री अंजनी कुमार, अपर विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), न्यायालय संख्या–2, प्रयागराज ने प्रतिभाग किया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त पत्रानुसार, सेवा निवृत्त न्यायिक अधिकारियों की अनुवादित निर्णयों में सुधार/संशोधन के लिए सहभागिता हेतु जनपद न्यायालय प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट में तथा नजारत के सूचना पट पर इस सम्बन्ध में एक सूचना प्रकाशित की जाये तथा सात दिनों के अन्दर उपरोक्त कार्य में अपनी अभिरूचि रखने वाले सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी अपनी सहमति प्रदान कर सकते हैं या आवेदन कर सकते हैं।

समिति के कार्य वृत्त को माननीय जनपद न्यायाधीश के अनुमोदनार्थ एवं उचित आदेशार्थ सादर प्रेषित किया जाये।

29/09/23	29/9/23	29-09-2023
(अंजनी कुमार)	**(सिद्धार्थ कुमार वाघव)**	**(डा0 लक्ष्मी कान्त राठौर)**
सदस्य/	सदस्य/	अध्यक्ष/
अपर विशेष न्यायाधीश, (पाक्सो एक्ट),न्या0सं0–2, प्रयागराज।	अपर जनपद न्यायाधीश, न्या0सं0–8, प्रयागराज।	अपर जनपद न्यायाधीश, न्या0सं0–1 प्रयागराज।

30/9/23